के लिए मंत्री के स्वविवेक कोटा के अधीन वर्ष वार कितनी एजेंसिया स्वीकृत की गईं ,

(ख) उनमे से अनुसूचित जातियो तथा जनजातियो के लोगो को राज्यवार कितनी एजेंसिया दी गईं, और

(ग) इस सबध मे क्या-क्या दिशा-निर्देश निर्धारित किए गए हैं ?

पेट्रोलियम और रसायन तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री सत्य प्रकाश मालवीय) : (क) से (ग) अलग-अलग मामलो के गुणदोष के आधार पर सरकार के स्वविवेक के आधार पर कुछ एल०पी०जी० के वितरण केन्द्र और एम एस/एच एस डी के खुदरा बिक्री केन्द्र दिये जाते हैं। इस प्रयोजन के लिए कोटा निर्धारित नही है । पिछले तीन वर्षों के दौरान सरकार के विवेक के आधार पर दिये गये डिस्ट्रीब्यूटरशिपों/डीलरशिपों की संख्या इस प्रकार है —

वर्ष	खुदरा बिक्री केन्द्र डीलरशिपें	एल०पी०जी० डिस्ट्री-ब्यूटरशिपें
1989–90	30	35
1988–89	4	21
1987–88	1	19

इस प्रकार का कोई आंकड़ा नहीं रखा जाता है जिसके आधार पर यह बताया जा सके कि अनु० जाति/अनु० जनजाति के लोगों को कितने डीलरशिप और डिस्ट्रीब्यूटरशिप दिये गये हैं।

राजस्थान में नकली दवायें बनाने वाली कम्पनियां

1231. डा० अबरार अहद : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या हाल ही मे नकली दवाओ के किसी स्टाक का पता लगाया गया है और नकली दवायें बनाने वाली कम्पनियों/फैक्टरियो का भी पता लगाया गया है, यदि हा, तो उनका ब्यौरा क्या है और राजस्थान मे नकली दवायें बनाने वाली फैक्टरियो, जिनका पता लगाया गया है, के नाम क्या हैं, और

(ख) सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए कि देश मे भविष्य मे नकली दवायें न बनाने दी जायें, क्या कदम उठाये जाने का विचार है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (प्रो० शकीलुर रहमान) : (क) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

(ख) नकली औषधो का विपणन बन्द करने के लिए केन्द्रीय सरकार राज्य सरकारों को औषध नियंत्रण तंत्र को सुदृढ बनाने हेतु सलाह देती रही है।

Cheaper fuel for two-wheelers

1232 SHRI JITENDRABHAI LABHSHANKER BHATT: Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS be pleased to state:

(a) whether Government are aware that two youngmen of Rajkot (Gujarat) have claimed to have found an alternative to petrol which is cheaper by 50 per cent and has the capacity to give more than double the average fuel efficiency for two wheelers;

(b) whether it is some liquid formation of a chemical compound available in abundance all over the country; and

(c) whether it is a fact that the alternative compound costs about Rs. 5 a litre and can fuel a 100 cc motor cycle to 175 kilometres against about 70 kilometres in the case of petrol?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND CHEMICALS AND PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI SATYA